MAY 2025 **U/ID 30681/ULE4A**

Time : Three hours Maximum : 75 marks

PART A — (10 × 2 = 20 marks)

किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रत्येक उत्तर 30 शब्दों में हो।

1. प्रलय के बाद का दृश्य कैसा था?
2. 'आशा' सर्ग का संदेश क्या है?
3. कवि अपने को कनफटा क्यों मानते हैं?
4. कवि कल्पना को विलासिनी बनने क्यों कहते हैं?
5. 'वरदान मागूँगा नहीं' कविता का संदेश क्या है?
6. 'भारत की आरती' कविता में कवि समाजवाद क्यों चाहते हैं?
7. आधुनिक काल के विभाजन को लिखिए।
8. छायावाद के चार स्तंभ कौन-कौन हैं?

9. प्रगतिवाद से तात्पर्य क्या है?

10. नई कविता के किन्हीं चार कवियों के नाम लिखिए।

11. कहानीकार जयशंकर प्रसाद का परिचय दीजिए।

12. प्रेमचन्द लिखित किन्हीं चार कहानियों के नाम गिनाइए।

PART B — ($5 \times 5 = 25$ marks)

किन्हीं पाँच की सप्रसंग व्याख्या लिखिए।

13. वह विवर्ण मुख त्रस्त प्रकृति का
आज लगा हँसने फिर से
वर्षा बीती, हुई सृष्टि में
शरद विकास नये सिर से

14. तुम लोगों से इतना दूर हूँ,
तुम्हारी प्रेरणा से मेरी प्रेरणा इतनी भिन्न है,
कि जो तुम्हारे लिए विष है, मेरे लिए अन्न है,
मेरी असंग स्थिति में चलता फिरता साथ है।

15. फिर भी में अपनी सार्थकता में खिन्न हूँ
विष से अप्रसन्न हूँ
इसलिए कि जो है उससे बेहतर चाहिए
पूरी दूनिया साफ करने के लिए मेहतर चाहिए।

16. किसी असीम सत्य के रहस्य गीत गा रही है
आज तक उदास यों कभी दिखी न रूप–सी
सफेद बर्फ पर बिछी मलीन खिल धूप सी
गीत खो गये कहाँ
छन्द सो गये कहाँ
कहाँ गये संगीत के सजीव सुर सुभाषिनी

17. स्मृति सुखज प्रहारों के लिए
अपने खण्डहरों के लिए
यह जान लो, मैं विश्व की संपत्ति चाहूँगा नहीं।

18. गर्व आज करता है एशिया
अरब, चीन, मिश्र, हिन्द एशिया
उत्तर की लोक–संघ शक्तियाँ
युग–युग की आशाएँ वारती।

19. संसार भर में शांति का मंत्र फूँकता रहा
पर जिसे अपने ही बीच घर में
भाई–भाई के बीच दीवार खड़ी करनी पड़ी
जो पराधीन देश की मुक्ति में लगा रहता था
पर जिसके अपने ही अंग पराये बंधन में जकड़े रहे।

PART C — (3 × 10 = 30 marks)

किसी एक प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों में लिखिए।

(1 × 10 = 10)

20. 'वरदान मांगूगा नहीं' कविता का सारांश लिखिए।

21. 'आनेवालों से एक सवाल' कविता का मूल्यांकन कीजिए।

किसी एक प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों में लिखिए।

(1 × 10 = 10)

22. नई कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों पर विचार कीजिए।

23. हिन्दी एकांकी साहित्य के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिए।

24. किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए। (2 × 5 = 10)

(a) मैथिली शरण गुप्त

(b) दिनकर

(c) जैनेन्द्र कुमार

(d) मोहन राकेश

———————